# पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी, पटना

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) एवं CBCS के अंतर्गत अनिवार्य स्नातक (UG)

## इंटर्नशिप संबंधी दिशा-निर्देश

## (सत्र: 2024-28 के UG Semester-V के विद्यार्थियों हेतु)

**संदर्भ:** बिहार लोक भवन (राज्यपाल सचिवालय) द्वारा जारी पत्र संख्या: BSU (UGC)-02/2023 (Part)- 1104 /GS(1), NOTIFICATION Dated- 05 June, 2026 के आलोक में माननीय कुलाधिपति के आदेशानुसार निर्गत पत्र के आलोक में इसे तैयार किया गया है।

**विशेष नोट :-** यह इंटर्नशिप उन छात्रों के लिए भी अनिवार्य होगा जो अपना UG-कोर्स **2nd / 4th सेमेस्टर** तक पूरा करके सर्टिफिकेट /डिप्लोमा की डिग्री चाहते हैं । जो छात्र/छात्राएं आगे **5th सेमेस्टर में प्रवेश करेंगे उन्हें** अनिवार्य (Mandatory) रूप से इस इंटर्नशिप को पूरा करना होगा .

### 1. इंटर्नशिप का उद्देश्य और मुख्य नियम :

- **मुख्य उद्देश्य:** किताबी ज्ञान को वास्तविक कार्यस्थल (Practical Experience) के अनुभव से जोड़ना, ताकि विद्यार्थियों में रोजगार के कौशल और व्यावसायिक समझ का विकास हो सके।
- **अनिवार्य योग्यता:** B.A., B.Sc. और B.Com. के सभी नियमित विद्यार्थियों के लिए **5th सेमेस्टर में** यह अनिवार्य है।
- **व्यक्तिगत कार्य:** प्रत्येक विद्यार्थी को यह इंटर्नशिप अकेले (Individually) ही करनी होगी। समूह (Group) में की गई इंटर्नशिप **मान्य नहीं होगी**।
- **क्रेडिट और अंक:** इसके लिए कुल **4 क्रेडिट** निर्धारित हैं, जो विद्यार्थियों के Semester-V के परीक्षा परिणाम में अंकित होगा ।

### 2. समय-सीमा और अवधि (Duration & Timeline)

- **कुल अवधि:** इंटर्नशिप कुल **120 घंटे (4 से 6 सप्ताह)** की होगी।
- **कार्यस्थल पर उपस्थिति:** इसमें से कम से कम **90 घंटे** आपको चुनी गई संस्था/संस्थान (IPO) के परिसर में जाकर शारीरिक रूप से कार्य करना अनिवार्य है। शेष समय (30 HOUR) रिपोर्ट लेखन और मूल्यांकन की तैयारी के लिए है।
- **कब करना है:** सामान्यतः यह इंटर्नशिप Semester-IV की परीक्षा समाप्त होने के बाद **गर्मियों की छुट्टियों (Summer Vacation)** में पूरी की जानी चाहिए।

20.08.26
D.S.W.
Patliputra University
Patna

## 3. इंटर्नशिप कहाँ की जा सकती है? (प्राथमिकता क्रम)

छात्र/छात्राओं के इंटर्नशिप हेतु महाविद्यालय निम्न सूची में क्रम को प्राथमिकता देंगे :-

1. केंद्र या राज्य सरकार के विभाग / कार्यालय से जुड़ कर
2. सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSUs) से जुड़ कर
3. स्थानीय निकाय (नगर निगम, नगर परिषद या नगर पंचायत) से जुड़ कर
4. सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वायत्त संस्थान (Autonomous Institutions)
5. शैक्षणिक या अनुसंधान संस्थान (Educational & Research Institutions)
6. लिस्टेड प्राइवेट कंपनियां, पंजीकृत MSMEs या व्यावसायिक प्रतिष्ठान
7. प्रतिष्ठित और पंजीकृत एनजीओ (NGOs) या सामाजिक संगठन**

** छात्र-छात्राओं के इंटर्नशिप हेतु प्रतिष्ठित और पंजीकृत एनजीओ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से पंजीकृत होने के पश्चात् ही विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों से जुड़ कर इंटर्नशिप हेतु (MOU) कर सकेंगे.

**महत्वपूर्ण नियम:** यह इंटर्नशिप पूरी तरह से **अवैतनिक (Unpaid)** है। **कोई भी संस्थान या कॉलेज इसके लिए विद्यार्थियों से किसी भी तरह का कोई फीस या चार्ज नहीं ले सकता।** यदि कोई संस्थान छात्र/छात्राओं को अपनी स्वेच्छा से स्टाइपेंड (Stipend) देना चाहे, तो विद्यार्थी उसे स्वीकार कर सकते हैं।

## 4. कहाँ इंटर्नशिप करने की अनुमति नहीं है?

निम्न क्षेत्रों या गतिविधियों में की गई इंटर्नशिप को यूनिवर्सिटी द्वारा **अमान्य** घोषित कर दिया जाएगा:

- **नेटवर्क या मल्टी-लेवल मार्केटिंग (MLM):** जहाँ सोशल मीडिया या निजी संपर्कों से सामान/सेवाएं बेचना या चेन बनाना हो।
- **नशीले पदार्थ:** शराब, सिगरेट या तंबाकू के प्रचार-प्रसार या निर्माण से जुड़े संस्थान।
- **धार्मिक या राजनैतिक कार्य:** किसी विशेष धर्म, संप्रदाय, राजनीतिक दल, चुनावी अभियान या राजनेताओं से जुड़ी गतिविधियाँ।
- **अवैध गतिविधियां:** जुआ, सट्टा या कानून के विरुद्ध कोई भी कार्य।

## 5. इंटर्नशिप की चरणबद्ध प्रक्रिया (Step-by-Step Process)

D.S.W.
Patliputra University
Patna

- **STEP 1 (कॉलेज मेंटर):** सभी कॉलेज में एक **'इंटर्नशिप सेल'** होगा, जिसका संचालन TPO (Training and Placement Officer) और उनके सहयोगी के द्वारा किया जाएगा । **'इंटर्नशिप सेल'** छात्र/छात्राओं को इंटर्नशिप हेतु गाइड करेंगे । महाविद्यालय के TPO **'इंटर्नशिप सेल' के नोडल अधिकारी हो सकते हैं ।**
- **STEP 2 (अनुमति पत्र - Consent Letter):** संस्थान फाइनल होने पर विद्यार्थी अपने महाविद्यालय के नोडल ऑफिसर या विभागाध्यक्ष (HOD) से अनुमति पत्र (Annexure I) प्राप्त करना होगा।
- **STEP 3 (स्वीकृति पत्र - Acceptance Letter):** संबंधित संस्थान से इंटर्नशिप की मंजूरी का पत्र (Annexure II) लेकर अपने महाविद्यालय में जमा करना होगा।
- **STEP 4 (अटेंडेंस लॉग):** इंटर्नशिप के दौरान प्रतिदिन किए गए कार्य और घंटों का रिकॉर्ड **'अटेंडेंस लॉग'** (Annexure VII) में दर्ज कर उस पर संस्थान के सुपरवाइजर के हस्ताक्षर और मुहर करवाना अनिवार्य होगा ।
- **STEP 5 (प्रमाण पत्र):** इंटर्नशिप पूरी होने के **10 दिनों के भीतर** संस्थान से कंप्लीशन सर्टिफिकेट (Annexure III) प्राप्त कर कॉलेज में जमा करना होगा।

## 6. इंटर्नशिप रिपोर्ट और मूल्यांकन (Evaluation & Marks) :

इंटर्नशिप समाप्त होने के **20 दिनों के भीतर** आपको **A4 साइज पेपर** पर साफ-सुथरी लिखित/टाइप्ड 'रिपोर्ट' (Annexure V) अपने विभाग में जमा करनी होगी .

<u>**रिपोर्ट की मुख्य सामग्री:**</u> कवर पेज, आभार, कंप्लीशन सर्टिफिकेट, मेंटर का सर्टिफिकेट, संस्था का परिचय, कार्य योजना, आपकी सीख (Learning Outcomes), चुनौतियाँ, निष्कर्ष, अटेंडेंस-लॉग और जियो-टैग्ड (Geo-tagged) तस्वीरें। इस हेतु विद्यार्थी (Annexure VI) का सहयोग भी ले सकते हैं .

**नोट :- विद्यार्थी/महाविद्यालय, सभी प्रकार के Annexures, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट (इंटर्नशिप पेज) से प्राप्त कर सकते हैं ।**

<u>**अंकों का विभाजन (कुल अंक):- 100**</u>

मूल्यांकन एक संयुक्त कमेटी **(आंतरिक और बाहरी परीक्षक)** द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थीयों को इंटर्नशिप में उत्तीर्ण होने के लिए **दोनों भागों** में अलग-अलग **न्यूनतम 45%** अंक लाना अनिवार्य है:

D.S.W.
Patliputra University
Patna

| मूल्यांकन का घटक (Component) | कुल अंक (Total Marks) | न्यूनतम अंक (45%) (पास करने हेतु) |
|---|---|---|
| इंटर्नशिप रिपोर्ट (Internship Report) | **70** | 31.5 |
| प्रस्तुति और वायवा (Presentation & Viva-Voce) | **30** | 13.5 |

**<u>मूल्यांकन हेतु कमेटी :</u>** मूल्यांकन की प्रक्रिया **(आंतरिक और बाहरी परीक्षक)** से संबधित नियमवाली पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय जल्द ही साझा करेगी .

**<u>विद्यार्थियों के लिए निर्देश:</u>** समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें, संस्थान के अनुशासन का पालन करें और अपनी रिपोर्ट **स्वयं** तैयार करें। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर तुरंत अपने कॉलेज के **'इंटर्नशिप नोडल ऑफिसर'** या अपने विभाग के **HOD** से संपर्क करें।

**<u>संस्थाओं के लिए निर्देश:</u>** इंटर्नशिप की निर्धारित समय-सीमा में विद्यार्थियों को पर्याप्त मार्गदर्शन एवं गुणवत्तापूर्ण अनुभव मिल सके, इसे ध्यान में रखते हुए प्रत्येक संस्था **[प्रतिष्ठित और पंजीकृत एनजीओ (NGOs)]**की क्षमता के अनुरूप विश्वविद्यालय के अंतर्गत अधिकतम **2,000** छात्र-छात्राओं की इंटर्नशिप का प्रावधान रखा गया है। इससे अधिक विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के लिए सभी संस्थाओं को विश्वविद्यालय से पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

20/08/26

**DSW**
**Patliputra University, Patna**